खाटू वाले श्याम प्रभु हमे दर्शन तो दिखला

खाटू वाले श्याम प्रभु हमे दर्शन तो दिखला,
तेरे भक्त पुकारे द्वार खड़े हमे ऐसे न तरसा,
बड़ी दूर से चलकर बाबा द्वार तिहारे आये,
दर्शन बिन वापिस न जाऊ चाहे प्राण भले ही जाये,
आजा रे मेरे सांवरिया आजा रे मेरे सांवरियां ,

महिमा बहुत सुनी है तेरी हे जग के दाता,
मेरे भी दुःख दूर करो न हे लख के दाता,
धन दौलत नहीं मांग रहा मैं मांगू दर्शन तेरा,
मुझे भरोसा तेरा है बाबा न तोड़ भरोसा मेरा,
आजा रे मेरे सांवरिया आजा रे मेरे सांवरियां ,

दुरपतासुता की लाज बचाई बड़ी सभा माहि,
और करमा को खीचड़ खायो आ कलयुग माहि,
नरसी की सुन तेर माहिरों नानी को भर आयो,
धना भगत की करो सुरक्षा मीरा दर्शन पायो,
आजा रे मेरे सांवरिया आजा रे मेरे सांवरियां ,

सुनी अर्ज भोला भगता की श्याम चले आये,
नैनो में बहे नीर श्याम ने दर्शन दिखलाये,
ग्यारसी लाल श्याम दर्शन पा फुला नहीं समाया,
भव सागर से तर जाते जिहने श्याम नाम पाया,
आजा रे मेरे सांवरिया आजा रे मेरे सांवरियां ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13320/title/khaatu-vale-shyam-prabhu-hame-darshan-to-dikhlaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |